# January Month Current Affairs

## Part 03



Current Affairs By Khan Sir

**Q1- किस देश ने मधुमक्खियों के लिए दुनियां के पहले टीके के उपयोग को मंजूरी दी है? / Which country has approved the use of the world's first vaccine for honeybees?**



- **A) कनाडा / Canada**
- **B) रूस / Russia**
- **C) अमेरिका / America**
- **D) भारत / India**

- अमेरिका ने मधुमक्खियों के लिए दुनिया के पहले टीके के उपयोग को मंजूरी दे दी है।
- यह अमेरिकी फुल ब्रूड रोग से होने वाली मौतों को रोकने के लिए बनाया गया था। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर (यूएसडीए) ने बायोटेक कंपनी डालन एनिमल हेल्थ द्वारा विकसित मधुमक्खियों के लिए दुनिया के पहले टीके के लिए सशर्त लाइसेंस दिया है।
- यह टीका शुरू में वाणिज्यिक मधुमक्खी पालकों के लिए उपलब्ध होगा और इसका उद्देश्य बैक्टीरियम पैनीबैसिलस लार्वा के कारण होने वाली अमेरिकी फुल ब्रूड बीमारी से बचाव करना है।



Q2 - अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आयोजन कहा किया गया? / Where was the International Kite Festival organized?


A) अहमदाबाद / Ahmedabad

B) पंचकुला / Panchkula

C) दिल्ली / Delhi

D) उदयपुर / Udaipur

- राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने साबरमती रिवरफ्रंट पर महोत्सव का उद्घाटन किया।
- इसका आयोजन गुजरात पर्यटन द्वारा एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की थीम के तहत किया जा रहा है।
- पहला अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 1989 में अहमदाबाद में आयोजित किया गया था।
- भारत में पतंग लाने के लिए फाहियान और ह्वेन त्सांग को जिम्मेदार माना जाता है।



Q3- भारत का कौन सा राज्य देश का पहला फुल डिजिटल बैंकिंग वाला राज्य बन गया है? / **Which state of India has become the first full digital banking state in the country?**




A) गोवा / Goa


B) केरल / Kerala

C) गुजरात / Gujarat


D) हिमाचल प्रदेश / Himachal Pradesh

- केरल राज्य भारत का पहला पूरी तरह से डिजिटल बैंकिंग वाला राज्य बन गया है. राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) के अनुसार, राज्य में अब 3.76 करोड़ बैंक खातों में कम से कम एक प्रोडक्ट डिजिटल रूप में उपलब्ध है

- केरल भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने 'इंटरनेट के अधिकार' (the right to Internet) को अपने नागरिकों के फंडामेंटल राइट्स के रूप में घोषित किया है.



Q4 - किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में 'बेली सस्पेंशन ब्रिज'का उद्घाटन किया गया है? / In which state / union territory 'Bailey Suspension Bridge' has been inaugurated?




A) अरुणाचल प्रदेश / Arunachal Pradesh

B) जम्मू और कश्मीर / Jammu and Kashmir


C) ओडिशा / Odisha

D) गोवा / Goa

- जम्मू और कश्मीर में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्चुली चिनाब नदी पर बेली सस्पेंशन ब्रिज का शुभारंभ किया

- सीमा सड़क संगठन (BRO) ने निर्धारित समय से एक महीने पहले इस 240 फुट ऊंचे बेली सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण किया है

- नया बेली सस्पेंशन पुल का निर्माण अक्टूबर, 2022 में शुरू किया गया था.



Q5. न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल में बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड किसने जीता? / Who won the Best Director Award at the New York Film Critics Circle?




A) करण जौहर / Karan Johar

B) विष्णुवर्धन / Vishnuvardhan

C) जेन कैंपियन / Jane Campion

D) SS राजामौली / SS Rajamouli

न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल ने SS राजामौली को बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड से सम्मानित किया है

Q6. UN पीसकीपिंग मिशन के तहत भारत ने किस शहर/क्षेत्र में सबसे बड़ी सिंगल यूनिट महिला फ़ोर्स की तैनाती की है? / **In which city/region India has deployed the largest single unit Mahila Force under UN Peacekeeping Mission?**

A) तवांग / Tawang

B) अबेई / Abei

C) बगराम / Bagram

D) कीव / Kiev



- भारत पहली बार यूएन मिशन पर महिलाओं की सबसे बड़ी सिंगल यूनिट की तैनाती करने जा रहा है
- भारतीय बटालियन की तैनाती अबेई (Abyei) में UN पीसकीपिंग कार्यक्रम के तहत की जा रही है
- अबेई (Abyei) साउथ सूडान और सूडान के बॉर्डर का क्षेत्र है. जिसे 2004 के स्पेशल प्रोटोकॉल द्वारा 'विशेष प्रशासनिक दर्जा' दिया गया है
- पहली बार वर्ष 2007 में पश्चिम अफ़्रीकी देश लाइबेरिया (Liberia) में UN पीसकीपिंग फ़ोर्स के तहत भारतीय महिला सैनिकों की तैनाती की गयी थी.



Q7- खबरों में रहा किलाउआ ज्वालामुखी किस देश में स्थित है? / Kilauea volcano which was in the news is located in which country?

A) इंडोनेशिया / Indonesia

B) फिलीपींस / Philippines

C) हवाई (यूएसए) / Hawaii (USA)

D) जापान / Japan



- अमेरिका के हवाई राज्य में स्थित किलाउआ ज्वालामुखी को ग्रह पर सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक माना जाता है।
- किलाउआ का शिखर हवाई ज्वालामुखी राष्ट्रीय उद्यान के अंदर स्थित है। थोड़े समय के विराम के बाद किलाउआ ज्वालामुखी फटना शुरू हो गया है।
- इसके पड़ोसी मौना लोआ, दुनिया का सबसे बड़ा ज्वालामुखी, में पिछले महीने 38 साल में पहली बार विस्फोट हुआ है।



Q8. कौन सी संस्था रेलवे स्टेशनों को 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्रदान करती है? / **Which organization provides 'Eat Right Station' certification to railway stations?**

A) FSSAI


B) नीति आयोग / NITI Aayog

C) RBI


D) पर्यावरण मंत्रालय / Ministry of Environment

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन उन रेलवे स्टेशनों को प्रदान किया जाता है जो यात्रियों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए मानदंड स्थापित करते हैं।

- यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन को हाल ही में 5-स्टार 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन से सम्मानित किया गया है।



**Q9 - हाल ही में चर्चा में रहा जैन समुदाय का पवित्र स्थल सम्मेद शिखर कहाँ स्थित है? / Where is Sammed Shikhar, the holy place of the Jain community, which was in discussion recently?**




**A) राजस्थान Rajasthan**

**B) झारखण्ड / Jharkhand**

**C) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh**

**D) अरुणाचल प्रदेश / Arunachal Pradesh**

- सम्मेद शिखर के मुद्दे पर विरोध-प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फ़ैसला लिया है
- झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगा दी गई है
- दरअसल झारखंड सरकार श्री सम्मेद शिखर जी यानि पार्श्वनाथ (पारसनाथ) पर्वत को धार्मिक पर्यटन क्षेत्र घोषित करने पर विचार कर रही थी. इसके पीछे उसका मकसद ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना था.



**Q10- देश के पहले पर्पल फेस्ट का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? / Where is the country's first Purple Fest being organized?**

A) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh

B) गुजरात / Gujarat

C) गोवा / Goa

D) जम्मू कश्मीर / Jammu and Kashmir




- देश के पहले पर्पल फेस्ट का आयोजन गोवा में 6 से 8 जनवरी तक होगा।
- इस आयोजन का मकसद भारत में दिव्यांगता के प्रति भेदभाव, कलंक और रूढ़िवादिता जैसी बाधाओं को दूर करना है। पर्पल फेस्ट के आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।
- गोवा में होने जा रहे इस फेस्ट के आयोजकों के मुताबिक, 'हमारे देश में खेल का बड़ा महत्व है और एक बड़ी दिव्यांग आबादी होने की वजह से इस बड़े समुदाय के लिए भी खेलों को बढ़ावा देना जरूरी है। '



Q11. हाल ही में 2023 में विश्व हिंदी दिवस कब मनाया गया? / When was the World Hindi Day celebrated recently in 2023?

A) 10 जनवरी / 10 January
B) 09 जनवरी / 09 January
C) 04 जनवरी / 04 January
D) 12 जनवरी / 12 January



## विश्व हिंदी दिवस 2023 / विश्व हिंदी दिवस:

- 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हर साल 10 जनवरी को इसे मनाया जाता है।
- यह पहली बार 10 जनवरी 2006 को मनाया गया था।
- 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी बोली गई थी।
- इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में जागरूकता पैदा करना और हिंदी भाषा को बढ़ावा देना है।
- हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।
- भारत में हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।
- 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन फरवरी 2023 में नाडी, फिजी में आयोजित किया जाएगा।

Q12. हाल ही में किसे अमेरिकी हाउस ऑफ़ रिप्रजेंटेटिव के अगले अध्यक्ष के रूप में चुना गया है ? / Recently who has been elected as the next Speaker of the American House of Representatives?

A) केतनली ब्रॉउनी जैक्सन / Keatnlee Brownie Jackson

B) केविन मैक्कार्थी / Kevin McCarthy

C) कमला हैरिस / Kamala Harris

D) शिरिसा बांदला / Shirisa Bandla

- रिपब्लिकन पार्टी के केविन मैक्कार्थी अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं।
- केविन मैक्कार्थी को 216 मत प्राप्त हुए जबकि हकीम जेफरी को 212 वोट मिले।
- रिपब्लिकन पार्टी के केविन मैक्कार्थी अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के 55वें स्पीकर होंगे।




**Q13- किस भारतीय राज्य ने जाति आधारित जनगणना शुरू की? / Which Indian state started the caste based census?**

A) बिहार / Bihar


B) त्रिपुरा / Tripura

C) तमिलनाडु / Tamil Nadu

D) गुजरात / Gujarat



- बिहार में जाति आधारित जनगणना का पहला चरण शुरू हो गया है, जिसमें राज्य के सभी घरों की संख्या गिनी जाएगी।
- बिहार कैबिनेट ने 2 जून, 2022 को राज्य में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया था।




## बिहार


- राजधानी – पटना , मुख्यमंत्री - नीतीश कुमार
- राज्यपाल - फागु सिंह चौहान
- GI टैग - मिथिला मखाना, शाही लीची, जरदालू आम, कतरनी चावल
- Current
- 1- गौतम बुद्ध की लेटी हुई सबसे बड़ी प्रतिमा- गया
- 2- माँ सीता की सबसे बड़ी प्रतिमा - सीतामढ़ी
- 3- विशाल स्वर्ण भंडार - जमुई
- 4- भारत का पहला एथनॉल प्लांट - पूर्णिया

Q14 - हाल ही में केंद्र ने किस राज्य में कलासा-बंडूरी परियोजना को मंजूरी दी है? / Recently the Center has approved the Kalasa-Banduri project in which state?

A) केरल / Kerala
B) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh
C) कर्नाटक / Karnataka
D) हिमाचल प्रदेश / Himachal Pradesh



- केंद्र ने कर्नाटक में कलासा-बंडूरी परियोजना को मंजूरी दी।
- यह एक बांध है जिसे महादेई बेसिन से माला-प्रभा नदी बेसिन में पानी मोड़ने के लिए बनाया गया है।
- इस परियोजना का उद्देश्य सूखा प्रभावित उत्तरी कर्नाटक के 13 शहरों में पीने के पानी की सुविधा प्रदान करना है।
- इन क्षेत्रों में धारवाड़, बेलगावी, बागलकोट और गडग शामिल है
- ये क्षेत्र मिलकर राजस्थान के बाद देश में दूसरा सबसे शुष्क क्षेत्र बनाते हैं।
- इस परियोजना को गोवा और महाराष्ट्र के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।



Q15- 'छेरछेरा' उत्सव कहा पर मनाया जाता है ? / Where is the 'Chherchera' festival celebrated?



A) छत्तीसगढ़ / Chhattisgarh

B) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh

C) झारखंड / Jharkhand

D) जम्मू कश्मीर / Jammu and Kashmir

❖ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में दूधाधारी मठ में 'छेरछेरा' उत्सव मनाया।

❖ पौष माह में पूर्णिमा की रात को छेरछेरा पर्व मनाया जाता है।

❖ पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से याचना की थी



**Q16. हाल ही में लॉन्च की गई किताब अंबेडकर : ए लाइफ किसके द्वारा लिखी गई है? / The recently launched book Ambedkar: A Life is written by whom?**


A) मनमोहनसिंह / Manmohan Singh

B) स्मृति ईरानी / Smriti Irani


C) गीतांजली श्री / Gitanjali Shree


D) शशि थरूर / Shashi Tharoor

- शशि थरूर की नवीनतम पुस्तक हाल ही में किताब कोलकाता कार्यक्रम में लॉन्च की गई थी।
- पुस्तक का शीर्षक है "आंबेडकर: ए लाइफ" यह बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर की जीवनी है।
- किताब कोलकाता कार्यक्रम का आयोजन प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) द्वारा किया गया था।




Q17- स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत चयनित 'कुमारकोम और बेपोर' किस राज्य में स्थित हैं? / In which state are the 'Kumarkom and Beypore' selected under the Swadesh Darshan 2.0 scheme located?



A) तमिलनाडु / Tamil Nadu
B) केरल / Kerala
C) राजस्थान / Rajasthan
D) तेलंगाना / Telangana

- कोट्टायम में केरल के कुमारकोम और कोझिकोड में बेपोर को स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत विकास के लिए चुना गया है .
- ये दो स्थान पर्यटन मंत्रालय की पहल के तहत 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुने गए 34 अन्य स्थानों में से हैं .
- स्वदेश दर्शन योजना 1.0 के हिस्से के रूप में, केरल में विभिन्न क्षेत्रों को इको सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट और ग्रामीण सर्किट के रूप में नामित किया गया है.



**Q18. राष्ट्रीय युवा दिवस किसकी जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है? / National Youth Day is celebrated on the occasion of whose birth anniversary?**


**A) स्वामी विवेकानंद / Swami Vivekananda**

**B) सुभाषचंद्र बॉस / Subhash Chandra Bose**

**C) अटल बिहारी वाजपेयी / Atal Bihari Vajpayee**

**D) बल्लभ भाई पटेल / Vallabh Bhai Patel**

- भारत में प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है
- यह दिवस विवेकानंद के आदर्शों और विचारों को अपनाने के लिए देश के युवाओं को प्रोत्साहित करता है
- उन्होंने 1893 में शिकागो में 'धर्म संसद' में अपना प्रसिद्ध भाषण दिया था
- उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था. उनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्ता था. उनका निधन 4 जुलाई 1902 को बेलूर मठ, हावड़ा में हुआ था.



Q19 - हाल ही में हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2023 जारी किया गया, इसमें भारत की रैंक क्या है? / Recently Henley Passport Index 2023 was released, what is the rank of India in this?

A) 150वां / 150th

B) 135वां / 135th


C) 180वां / 180th

D) 85वां / 85th

- हाल ही में हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2023 जारी किया गया है इस रैंकिंग में जापान के पासपोर्ट को प्रथम स्थान मिला है
- जापान लगातार पांचवें साल अपनी टॉप पोजीशन बनाएं रखा है. भारत के पासपोर्ट को इस रैंकिंग में 85वां स्थान मिला है
- रैंकिंग में फ्री वीजा एंट्री को आधार बनाया गाया है. सिंगापुर और साउथ कोरिया इस रैंकिंग में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है.
- हेनली पासपोर्ट इंडेक्स लंदन स्थित हेनली एंड पार्टनर्स द्वारा प्रतिवर्ष तैयार किया जाता है.



Q20- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में भारत का सबसे प्रदूषित शहर कौन सा था? / According to the report of Central Pollution Control Board (CPCB), which was the most polluted city of India in the year 2022?



A) हैदराबाद / Hyderabad

B) मुंबई / Mumbai

C) दिल्ली / Delhi

D) गुरुग्राम / Gurugram

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (Central Pollution Control Board-CPCB) के द्वारा जारी ताजे आकड़े के अनुसार 2022 में भारत का सबसे प्रदूषित शहर (Polluted city) दिल्ली था

- एनसीएपी ट्रैकर (NCAP Tracker) द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में PM 2.5 लेवल का प्रदूषण था जो सामान्य और सुरक्षित लेवल से दोगुने स्तर पर था

- दिल्ली के अतिरिक्त इस रिपोर्ट में दूसरे स्थान पर फरीदाबाद (हरियाणा) शहर और तीसरे स्थान पर गाज़ियाबाद है. इस लिस्ट में बिहार का पटना शहर चौथे और बिहार का ही मुज़फ्फरपुर जिला पांचवे स्थान पर है.